**जातीय समानता को बढ़ावा देने के**
**मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय**

**हांगकांग उत्पादकता परिषद**
**(हांगकांग प्रोडक्टिविटी कॉउंसिल)**

हांगकांग उत्पादकता परिषद (HKPC) एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है, जो 1967 में संविधि द्वारा स्थापित किया गया था, ताकि हांगकांग के उद्यमों के सहयोग के लिए विश्वस्तरीय उन्नत प्रौद्योगिकियों और नवीन सेवा प्रस्तावों के माध्यम से उत्पादकता उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जा सके। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन, बाजार-संचालित अनुसंधान एवं विकास (R&D) में राष्ट्रव्यापी लीडर के रूप में, अग्रणी तकनीकियों और सर्वांगीण उत्पादन सेवाओं में विशेषज्ञता के साथ, HKPC हांगकांग और ग्रेटर बे एरिया में नए औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देता है और नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी (I&T) का लाभ उठाते हुए नई उत्पादक शक्तियों के विकास की सुविधा प्रदान करता है, साथ ही हांगकांग को एक अंतरराष्ट्रीय नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र और एक स्मार्ट शहर बनाने में मदद करता है। परिषद हांगकांग के उद्योगों और उद्यमों के लिए व्यापक उन्नतिशील समाधान प्रदान करती है, जिससे उन्हें संसाधनों और उत्पादकता उपयोग, प्रभावशीलता और लागत में कमी प्राप्त करने और दोनों स्थानीय और विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलती है।

संबंधित सेवाएं

- HKPC उद्योग को उत्पाद नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और व्यावसायीकरण प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण देने के साथ ही तकनीकी और प्रबंधन परामर्श सेवाएं भी प्रदान करती है , और सरकारी वित्त पोषण योजनाओं के लिए सचिवालय सेवा प्रदान करती है।

मौजूदा उपाय

- सेवा प्रतिपादन
  - HKPC की परामर्श, प्रशिक्षण और सचिवालय सेवाएं जहां लागू हो,अंग्रेजी और / या चीनी में वितरित की जाती हैं।
- सूचना संचार:
  - आम जनता की समझ में आसानी के लिए HKPC की निगमित जानकारी और सेवाओं को इसकी वेबसाइट पर द्विभाषिक रूप (अंग्रेजी और / या चीनी) में प्रकाशित किया जाता है।
  - जहां लागू हो वहां सार्वजनिक पूछताछ अंग्रेजी और/या चीनी में की जाती है।

● कर्मचारियों का प्रशिक्षण और गतिविधियाँ:

- समान अवसर आयोग (Equal Opportunities Commission) और अन्य संस्थाओं के साथ समय-समय पर प्रशिक्षण और गतिविधियों के माध्यम से जातीय संवेदनशीलता,सांस्कृतिक विविधता और जातीय भेदभाव अध्यादेश (RDO) की समझ के बारे में कर्मचारियों की जागरूकता बढ़ाना।

| | |
|---|---|
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | ● HKPC मौजूदा उपायों को लागू करना जारी रखेगा,और जातीयता के संबंध में तटस्थता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से इसके द्वारा प्रदान की गई सेवा का आकलन करेगा और जहां आवश्यक होगा वहां सुधार करेगा। |
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | ● HKPC सेवाओं और उपायों को लागू करते समय विभिन्न जातीय समूहों की जरूरतों का अवलोकन करना जारी रखेगा,ताकि जातीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना,जनता के सभी सदस्यों को समान रूप से सेवाएं या जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके। |

जातीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और योजनाबद्ध उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित चैनल्स के माध्यम से HKPC से संपर्क करें-

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नंबर : | : | (852) 2788 5678 |
| फैक्स नंबर : | : | (852) 2788 5900 |
| ई-मेल : | : | hkpcenq@hkpc.org |
| डाक का पता: | : | HKPC Building, 78 Tat Chee Avenue, Kowloon, Hong Kong |

**हांगकांग उत्पादकता परिषद**
**मई 2025**